हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026



# लोवर की चेन तोड़ी, मौली धागा काटे, जांच के कड़े नियमों से परीक्षार्थी हुए परेशान

## नीट की दोबारा परीक्षा, विद्यार्थियों ने कहाः पिछली परीक्षा से कठिन आया था प्रश्न पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दोबारा आयोजित हुई नीट यूजी की परीक्षा में जांच पड़ताल के कड़े नियमों को लेकर परीक्षार्थी आक्रोशित और परेशान नजर आए। पहले ही परीक्षा रद्द होने को लेकर परीक्षार्थियों में मायूसी थी। वहीं जांच के तरीकों और नियमों से परीक्षार्थी खफा दिखाई दिए।

दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक आयोजित नीट यूजी की परीक्षा के लिए परीक्षार्थी सुबह 10-11 बजे के करीब ही अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंच गए। यहां परीक्षार्थियों को तीन लेयर की जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। मैन्युअल, मेटल डिटेक्टर और बायोमेट्रिक पद्धति से परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई। इस दौरान परीक्षार्थियों के हाथ में बंधे मौली धागे काट दिए गए। शर्ट और पैंट में लगे अतिरिक्त शो-बटन के साथ ही लोअर की जेब में लगा चेन का रनर भी काटकर निकाल दिया गया। जिससे परीक्षार्थियों के वस्त्र खराब हो गए। परीक्षार्थियों ने कहा कि नियम के अनुसार वे हल्के रंग के कपड़े पहनकर आए थे। हॉफ बांह का शर्ट भी पहना हुआ था, लेकिन जो कपड़ों के साथ पहले से लगा हुआ चैन और बटन था, उसे भी काट दिया गया।





**गर्मी ने किया हलाकान :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी की परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया। वहीं दोपहर 1.30 बजे परीक्षा से आधे घंटे पूर्व ही परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। हालांकि परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ और चेकिंग के लिए पंडाल लगाया गया था, लेकिन उमस भरी गर्मी से परीक्षार्थी बेहाल होते रहे।

### फिजिक्स ने उलझाया

परीक्षा देकर निकली आयुषी अग्रहरि, प्राची सिन्हा, अनंत शर्मा सहित अन्य परीक्षार्थियों ने कहा कि पहले हुआ पेपर इससे सरल था। विद्यार्थियों ने कहा कि 720 अंकों के इस परीक्षा में बायो थोड़ा आसान आया था और केमिस्ट्री सामान्य था, लेकिन फिजिक्स काफी कठिन रहा। परीक्षार्थियों ने बताया कि रद्द हुई परीक्षा में फिजिक्स सरल आया था।

### परीक्षा रद्द होने से हुई निराशा

चिकित्सक बनने की तमन्ना पाले भावी चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए अपनी पूरी तैयारी की हुई थी। माही चंद्राकर सहित कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि पिछला पेपर उनका काफी अच्छा बना था, लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद निराशा हुई और दोबारा तैयारी करने के लिए उतना उत्साह नहीं रहा। वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि पहली बार 12वीं के बाद सीधे नीट की परीक्षा दिए थे। जिससे घबराहट की स्थिति थी। वहीं अब पुनः परीक्षा देने का मौका मिलने से मानसिक रूप से तैयारी थोड़ी मजबूत हो गई थी।

**परीक्षार्थी हुए शामिल**

नीट यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के जिले में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र भी बदल दिए गए थे। नीट की परीक्षा के लिए 1982 परीक्षार्थियों का नामांकन किया गया था। जिसमें से आज संपन्न हुई परीक्षा के दौरान 1784 परीक्षार्थी ही शामिल हुए और 198 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा खत्म होने के दौरान अपने बच्चों को लेने पहुंचे अभिभावकों की काफी भीड़ नजर आई।

## खबर संक्षेप

### सीएम आज शहर में



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल दोपहर 12 बजे स्टेट हाई स्कूल परिसर में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। सीएम विष्णुदेव साय का कल 22 जून को राजनांदगांव प्रवास के दौरान स्टेट स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी प्रातः 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक जारी किया गया है।

### वाहनों का डायवर्सन

बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा ब्रिज बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा एवं सीआईटी चौक बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### पार्किंग स्थल निर्धारित

रूट चार्ट सोमनी की ओर से आने वाले वाहन अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से पुराना बस स्टैंड चौक होते हुए महावीर चौक में कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों को उतारकर वाहन को प्यारेलाल चौक से तुलसीपुर होते हुए सिविल लाइन स्थित जाली खाता पार्किंग नं. 11 एवं बलदेवबाग स्थित एबीस पार्किंग नंबर 10 में वाहन पार्किंग करेंगे। तुमडीबोड की ओर से आने 18 एकड़ से अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल चौक, सिविल लाइन होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल क्रमांक 10 एबीस पार्किंग एवं पार्किंग क्र. 11 जाली खाता में वाहन पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। खैरागढ़ की ओर से आने वाले वाहन नगर निगम के पास किनारे में उतारकर महारानी स्कूल पार्किंग नंबर 02, म्युनिसिपल स्कूल मैदान पार्किंग नंबर 06 में वाहन पार्क करेंगे। डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल, सिविल लाईन होते हुए बलदेवबाग स्थित एबीस पार्किंग नंबर 10 एवं जाली खाता पार्किंग नं. 11 में वाहनों की पार्किंग कर सकते हैं। जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं का प्रवेश गेट नं. 02 चिखली ओवर ब्रिज वाले से होगा। जिनका नगर निगम निर्धारित पार्किंग स्थल क्र. 01 में वाहन पार्किंग होगा। आम नागरिकों का प्रवेश गेट नं. 01 से होगा।

### पीटीएस से रामदरबार तक वीआईपी मुव्हमेंट

शहर में सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पीटीएस से लेकर अंबेडकर चौक, प्यारेलाल चौक, नया बस स्टैंड, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक ,पुराना बस स्टैंड चौक, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, स्पीकर निवास, रामदरबार तक मार्ग में वीवीआईपी मूव्हमेंट रहेगा।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर त्वरित एक्शन, खदान पर जुर्माना

# स्वीकृत क्षेत्र से बाहर चूना-पत्थर उत्खनन, 1.75 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीएम हेल्पलाइन पर मिली एक गंभीर शिकायत का असर जिले में साफतौर पर देखने को मिला है। ग्राम डुमरडीहकला में संचालित एक चूना पत्थर खदान में हो रही अनियमितताओं को लेकर सजग नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले सख्त निर्देशों के बाद कलेक्टर राजनांदगांव ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया और तत्काल एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस तत्परता का नतीजा यह हुआ कि राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर धावा बोलकर एक बड़े अवैध उत्खनन का पर्दाफाश कर दिया।

जांच दल में शामिल अधिकारियों ने जब स्थानीय कोटवार और ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम डुमरडीहकला के खसरा नंबर 107 की नापजोख की, तो सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत सौ फीसदी सच पाई गई। इस खसरा नंबर की कुल 2.428 हेक्टेयर निजी भूमि में से 0.587 हेक्टेयर क्षेत्र पर चूना पत्थर खदान के संचालन की वैध स्वीकृति अभय जैन पिता मोहनलाल जैन के नाम पर वर्ष 2000 से वर्ष 20 बाय 9 तक के लिए दी गई है, लेकिन सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत के अनुसार खदान संचालक स्वीकृत पट्टे की आड़ में तय सीमा से बाहर जाकर बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई को अंजाम दे रहा था।



### मौके पर बना पंचनामा

शिकायत के सत्यापन के बाद अधिकारियों ने मौके पर ही नजरी नक्शा खींचकर अवैध क्षेत्र को रेखांकित किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को पंचनामा पढ़कर सुनाया गया और सभी की सहमति के बाद कोटवार समेत जांच अधिकारियों ने इस पर अपने हस्ताक्षर किए, ताकि आरोपी के खिलाफ पुख्ता कानूनी केस बनाया जा सके।

### अवैध खुदाई का गणित

जांच टीम ने जब अवैध उत्खनन वाले विशाल गड्ढे की पैमाइश की तो पाया कि इसकी लंबाई 65 मीटर और चौड़ाई 1 मीटर है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि संचालक ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर 20.5 मीटर की गहराई तक अवैध खुदाई कर डाली। जिससे कुल 41 बाय 07 घन मीटर खनिज की चोरी पकड़ी गई।

### हेल्पलाइन का असर

यह पूरी कार्रवाई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत संख्या 57 और 5 के संदर्भ में की गई है। शिकायत मिलते ही संचानालय भौमिकी तथा खनिकर्म के निर्देश पर राजस्व और खनिज विभाग ने आपसी समन्वय स्थापित किया और बिना समय गंवाए 24 घंटे के भीतर मौके पर पहुंचकर इस अवैध कारोबार को उजागर कर दिया।

### प्रदेश-जिले की संयुक्त कार्रवाई

इस गंभीर अनियमितता के पकड़े जाने के बाद प्रदेश और जिला स्तर की संयुक्त टीम ने मौके पर ही विस्तृत पंचनामा तैयार किया और नजरी नक्शा भी बनाया। इस प्रशासनिक दस्तावेज पर जांच दल के अधिकारियों, खनिज निरीक्षक, सहायक खनिज अधिकारी, स्थानीय कोटवार वेदलाल और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के हस्ताक्षर कराए गए। सीएम हेल्पलाइन के त्वरित एक्शन से हुई इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग अब इस मामले में आगे की दंडात्मक कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माना वसूलने की तैयारी में जुट गया है।

**जीपीएस से किया मिलान, मिली गड़बड़ी :** अधिकारियों ने जब मौके पर मौजूद जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का बारीकी से मिलान किया तो पाया कि स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर खसरा नंबर 107 के ही एक बड़े हिस्से में अवैध उत्खनन किया गया है। प्रशासनिक टीम द्वारा की गई वैज्ञानिक पैमाइश के अनुसार स्वीकृत क्षेत्र से बाहर लगभग 0.202 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर अवैध रूप से गड्ढा खोदकर चूना पत्थर निकाला जा चुका था, जब इस अवैध उत्खनन क्षेत्र की लंबाई, चौड़ाई और गहराई की माप की गई, तो आंकड़े बेहद चौंकाने वाले थे। स्वीकृत सीमा के बाहर 65 मीटर लंबाई, 1 मीटर चौड़ाई और 20.5 मीटर गहराई तक का एक विशाल अवैध गड्ढा पाया गया। इस पूरी गणना के आधार पर अधिकारियों ने पाया कि कुल 41 बाय 07 घन मीटर चूना पत्थर का अवैध रूप से उत्खनन किया गया है।

# योग स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्गः रमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते सभी के स्वस्थ और निरोग जीवन की कामना की।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी नागरिकों से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं तथा हाल ही में हुई सर्जरी के कारण कार्यक्रम में योगाभ्यास नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से वे शीघ्र ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अगले वर्ष योगाभ्यास में शामिल होंगे। उन्होंने अबूझमाड़ से आए बच्चों द्वारा प्रस्तुत मल्लखंब प्रदर्शन की सराहना करते कहा कि इन बच्चों ने अद्भुत संतुलन और कौशल का परिचय दिया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्वेच्छानुदान मद से 51 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

### योग जीवन का हिस्साः कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं को समझने, आत्मचिंतन करने और जीवन को सकारात्मक दिशा देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि योग जीवन का अभिन्न हिस्सा है और सभी नागरिकों से इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आयुष विभाग राजनांदगांव की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया। इस दौरान अंकुरित मूंग, चना, मूंगफल्ली एवं केला का नाश्ता दिया गया। कार्यक्रम में पतंजलि, उदयाचल एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सहभागिता रही।

# पेड़ के नीचे जुआ खेलते पकड़े गए तीन आरोपी, नगदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई



गांव में बरगद पेड़ के नीचे एकत्र होकर जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 20 जून को गंडई पुलिस थाना को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिरनपुरखुर्द में गौठान के पास बरगद के पेड़ के नीचे कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान जुआ खेलते आरोपी देवेन्द्र गंधर्व 30 वर्ष, भागवत निषाद 22 वर्ष, अनिल निषाद 24 वर्ष को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 640 रुपए नगद तथा 52 पत्ती ताश जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

# देर रात पुलिस की काम्बिंग गश्त, गुंडे-बदमाशों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस द्वारा विशेष रात्रिकालीन काम्बिंग गश्त चलाया गया। इस दौरान गुंडे बदमाशों व संदिग्धों की जांच की गई। पुलिस के इस अभियान से हड़कंप की स्थिति निर्मित रही।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से इस प्रकार के विशेष कॉम्बिंग गश्त एवं चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे। पुलिस का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय एवं आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बनाए रखना है।



### चार विशेष टीमों का किया गठन

अभियान के अंतर्गत अलग-अलग चार विशेष टीमों का गठन कर थाना कोतवाली, बसंतपुर, चौकी चिखली एवं थाना सोमनी क्षेत्र के मनगटा रिसोर्ट सहित विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर व्यापक सर्चिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान गुंडा-बदमाशों, निगरानीशुदा अपराधियों, आदतन अपराधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई।


### सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल

कॉम्बिंग गश्त के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, नगर पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, डीएसपी एम्ब्रोस कुजूर सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं लगभग 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अभियान में शामिल रहे। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की सघन जांच की गई तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष नजर रखी गई। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाने की बात कही।

### संवेदनशील स्थानों की जांच-पड़ताल

अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके पहचान एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। साथ ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं निगरानीशुदा अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। होटल, रिसोर्ट, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों की भी गहन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## मांय एंगल




## आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए फायर बुलेट की कमी

# अग्निशमन के लिए मिला वाटर टेंडर वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए जिला अग्निशमन विभाग को एक और वाहन मिला है। जिसका आज जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी अरूण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आरपीएफ प्रभारी तरूणा साहू और फायर स्टेशन प्रभारी इमाम बेग उपस्थित रहे।

आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए शहर में अब तक चार वाहन थे। वहीं गुरुवार को 6000 लीटर का एक वाटर टेंडर वाहन अग्निशमन विभाग को मिलने से अब अग्निशमन कार्य की क्षमता बढ़ गई है। विभाग में अब कुल 5 वाहन हो गए हैं। विभाग में नया वाहन पहुंचने पर प्रीतम साहू, नंदकिशोर सिन्हा, उमेश सोरी, तरूण कुमार साहू, उत्तम साहू सहित पं. मनोज दुबे और अन्य कर्मचारियों द्वारा इसका स्वागत किया गया।

### खास बातें

- अग्निशमन के लिए अब 6 वाहन
- दो मल्टीपरपज वाहन
- 14500 लीटर वाटर टेंडर क्षमता




### बुलेट फायर वाहन की दरकार

शहर के भीतर तंग गलियों में लगने वाली आग को बुझाने के लिए विभाग के पास कोई भी व्यवस्था नहीं है। इसके लिए बुलेट फायर वाहनों की महती आवश्यकता है। 51 वार्ड के शहर में अब तक बुलेट फायर वाहन नहीं होना भी आश्चर्य और चिंता का विषय है, जिस तरह से तेजी के साथ आबादी बढ़ रही है और मकानों का निर्माण हो रहा है, ऐसे में गलियों के भीतर मकानों में आगजनी को रोकने बुलेट फायर वाहन काफी सहायक होते हैं।

### बढ़ रही वाहनों की क्षमता

अग्निशमन विभाग में नया वाहन मिलने से पांच वाहन हो गए हैं। जिसमें दो मल्टीपरपज वाहन है। जिनमें आग बुझाने के लिए फोम का उपयोग भी किया जा सकता है। वहीं तीन अन्य वाटर टेंडर वाहन है। उनकी क्षमता की बात की जाए तो 300 लीटर और 6000 लीटर का मल्टीपरपज फायर ब्रिगेड विभाग के पास है। इसके अलावा 2500 लीटर एवं 6000 लीटर का एक-एक वाटर टेंडर वाहन पहले से मौजूद है। वहीं अब 6000 लीटर का वाटर टेंडर वाहन मिलने से कुल 14500 लीटर वाटर टेंडर क्षमता विभाग के पास हो गई है ।



## खबर संक्षेप

### सतीश बने विद्यालय समिति के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** पीएम श्री विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से सतीश पांडे को अध्यक्ष चुना। वही उपाध्यक्ष रंजू रत्नाकर, सदस्य खेलन सार्वा, लोकेश यदु, कोमल साहू, जुकेश्वर प्रसाद मिश्रा, गंपाराम साहू, वीरेंद्र साहू, वर्णिमा साहू, चित्ररेखा मेश्राम, संजय गुप्ता, टेकेश्वर देवांगन, देहुती साहू, कविता कसेर, विभा चौबे, रीना वर्मा, तुलेश सोनकर को बनाया गया है। इस दौरान प्राचार्य बीएल देवांगन, अरुण जैन, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, नीलम मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

### सरपंच मिले उपाध्यक्ष से मांगा सरपंच सदन


**डोंगरगढ़।** ब्लाक सरपंच संघ ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू से मुलाकात कर सरपंच संघ के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि भवन मिलने से सरपंचों को बैठक करने और संघ की गतिविधियों का संचालन में सुविधा होगी। सरपंच संघ अध्यक्ष कमलेश वर्मा के नेतृत्व में सरपंचों ने पंचायतों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पुराने जनपद भवन डोंगरगढ़ में सरपंच सदन का निर्माण किया गया है, लेकिन अब तक यह भवन सरपंच संघ को उपलब्ध नहीं कराया गया है। सरपंचों ने सरपंच सदन को सौंपने की मांग की। इस अवसर पर नीता टेंबूरकर, गायत्री टेंबुरकर, लच्छनी पटेल, कविता धुर्वे, यशोदा मंडावी, सुरेश सहारे, चंपा सिन्हा, मालती उईके, कांतिबाई ताराम, संध्या वर्मा, ईश्वरी ठाकुर, झूलेधी वर्मा, ओमप्रकाश लिल्हारे, संजय उईके, बरसन नेटी, राजकुमार, अश्वनी चंद्रवंशी, रवि कुमार, मोहन कंवर, शत्रुघन उईके, सुखचंद, चमेली साहू, रामलाल टांडेकर, पुनेश्वरी कंवर, रीता वर्मा, आरती वर्मा, प्रतिमा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिविर में सिकलसेल की जांच



**सोमनी।** सीआरसी ठाकुरटोला में सिकलसेल दिवस के मौके पर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल चंद्र एवं जिला माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. वंदना ने सिकल सेल रोग विषय पर रोग के कारण, लक्षण, आनुवंशिक संचरण, जांच, उपचार संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय सुंदरा एवं सोमनी के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों आदि शामिल हुए। सिकलसेल स्क्रीनिंग शिविर में 125 व्यक्तियों की जांच की गई। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत सीआरसी परिसर में कदम का रोपण किया गया। अंत में कार्यक्रम समन्वयक मुक्ता साहू ने आभार व्यक्त किया।

### शाला में प्रवेश उत्सव



**घुमका।** हाईस्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा कर छात्रों का स्वागत किया गया। कक्षा 6 वीं की प्रनीती वर्मा, छत्रपाल यादव, 7 वी की मानषी वर्मा, कौशल साहू, 8 वीं के धनंजय वर्मा, वर्या, 9 वी की भावना वर्मा, 10 वीं के लक्ष्य साहू एवं कक्षा 12 वी की यामीनी वर्मा का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में चंदेश वर्मा, तोषण सिन्हा, अश्विनी बघेल, अशोक महराज, गंगेश्वर वर्मा, डॉ ऋषि वर्मा, डेरहा वर्मा, रिखीराम वर्मा, गन्नु वर्मा, रूखम वर्मा, गिरिश चंदेल, नुर खां, शेरू खान, आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने मंच के लिए 2 लाख देने की घोषणा की।







## योग दिवस के आयोजन में दिखा उत्साह, लोगों ने किया विभिन्न आसनों का अभ्यास

# निरोग रहने के लिए सभी लोगों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत ने मंगल भवन में योग का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई। योगाचार्य मोहन जंघेल ने लोगों को विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। जो व्यक्ति नियमित योग करता है, उसे अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और वह सदैव निरोग रहता है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। आभार प्रदर्शन करते हुए संजय महोबिया ने बताया कि 2017 से निरंतर योग गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों से प्रतिदिन सुबह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित योग सत्र में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर थाना प्रभारी बिलकिस खान, विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख, छात्र-छात्राएं, नगरवासी तथा कर्मचारी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन योग समिति के सदस्य अशोक चंद्राकर ने किया। इस दौरान नंद चंदेल, नवनीत जैन, भावेश, ज्ञान, शिवानी मिश्रा, पेमिन ध्रुव, प्रशांत चंद्राकर, मुकेश वैष्णव, भागी कुंभकार, मोहन सर्वा, प्रत्युष महोबिया, मानिक श्रीवास, सोहन पाल आदि उपस्थित थे। योगाभ्यास के पश्चात अंकुरित नाश्ते का वितरण किया गया।

**तुमडीबोड़।** ग्राम में योग दिवस के मौके पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हाई स्कूल प्रांगण में मंडल भाजपा एवं हाईस्कूल परिवार के तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। वहीं जैन भवन में पतंजलि योग समिति ने योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। हाईस्कूल प्रांगण में योग शिक्षक अलखराम साहू के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मूलचंद वर्मा, जगेश्वर यादव, टीकम पटेल, जीवन पटेल, जया साहू, मेघा साहू, जितेंद्र सिन्हा, चंद्रेश श्रीवास, जितेंद्र वर्मा के अलावा हाईस्कूल, मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला, शिशु मंदिर, आयुर्वेदिक अस्पताल तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जैन भवन में आयोजित आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में पतंजलि योग समिति राजनांदगांव के श्री पटेल ने मसाज, एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों की जानकारी दी। स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए आयुर्वेद अपनाने पर जोर दिया।

**सोमनी।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुरटोला ने स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर भारती योग संस्थान की प्रबंध निदेशक भारती कटियार तथा योग प्रशिक्षक हेमंत तिवारी ने योग विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता दी। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय सुंदरा एवं सोमनी के छात्र-छात्राओं आदि ने भाग लिया। योग विशेषज्ञों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम, श्वसन अभ्यास आदि का अभ्यास कराया। इस दौरान र दिव्यांग लाभार्थियों को एलएस ब्रेस, नी ब्रेस, वॉकिंग स्टिक एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किया गया। अंत में नितिन देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**मुरमुंद।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में योग दिवस के अवसर पर बच्चे, शिक्षक एवं ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुष राम कंवर ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बसंत पडोती, प्रेमलाल साहू, रामचरण साहू, मुकुंद, हेमीन, लोकेश्वरी, सुनीता, मंजुलता, निराशा, इंदरबाई, बिंदा मंडावी आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन



**डोंगरगांव।** योग दिवस के अवसर पर नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पंचूराम साहू ने अपने सहयोगी डॉ अतुल गुप्ता, गिरीश सोनी के साथ योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति यद्धु, डिकेश साहू, हेमंत चोपड़ा, अरूण जैन, दीना पटेल, एसडीएम श्रीकांत कोरम, तहसीलदार कमल किशोर साहू, देवेन्द्र गोस्वामी, सीएमओ विनम्र जेमा, महेश्वर साहू, पटवारी राणा, शिक्षक देवेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रमन नाहटा, नवनीत अहीर, चुन्नी यद्धु, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, सतीश पांडे आदि मौजूद थे।

### छात्र छात्राओं ने किया योग

डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मेरा युवा भारत जिला राजनांदगांव के तत्वावधान में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक के रूप में शामिल विनोद टेभुरकर ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने दिनचर्या में योग को शामिल करने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. चेतन साहू ने विभिन्न आसनों से अवगत कराते हुए फायदे की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रियांकी गजभिये, डॉ. आशाराम साहू, रेणुका ठाकुर, मन्नूलाल नायक, शिवनाथ देवांगन, मेघदीप देशमुख, दिनेश जायसवाल, आशीष साहू, लोकेश आदि उपस्थित थे।

# वनांचल खड़गांव में चरमराई दूरसंचार सेवा

**खड़गांव।** उपतहसील का दर्जा मिलने के बाद खडगांव में सेवा बढ़ने के बजाए दिनों दिन कम होते जा रही है। क्षेत्र में इन दिनों बीएसएनएल की सेवा पूरी तरह से ठप्प है। लोगों ने बताया कि बीएसएनएल की सेवा दिनों दिन खराब होते जा रही है।

उपभोक्ताओं को लगने लगा है कि उन्होंने बीएसएनएल की सिम लेकर बड़ी ग़लती की है क्योंकि आए दिन नेटवर्क गायब रहता है। कभी नेटवर्क आ भी जाता है तो बातचीत नहीं हो पाती। क्षेत्र में ज्यादातर लोग बीएसएनएल सिम का उपयोग करते है। शासकीय सेवको को भी बीएसएनएल की सिम दिया गया है जिसके चलते उपभोक्ता चाहकर भी पोर्ट नहीं करा पा रहे है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस सेवा के सरकारी होने के बाद भी उन्हे अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है जबकि जियो की बेहतर सेवा मिल रही है।

### सौतेले व्यवहार का आरोप

वरिष्ठ जनो का कहना है कि मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी में बीएसएनएल की सेवा अच्छी है। सिर्फ खडगांव क्षेत्र में सेवा का बुरा हाल है। आरोप लगाया जा रहा है कि सौतेले व्यवहार के कारण यह स्थिति बनी हुई है। बीएसएनएल की सेवा के ठप्प होने के बाद भी अधिकारी यह बताने में असमर्थ है कि कब तक सेवा दुरूस्त हो पाएगी।

### अय्याशी का अड्डा बना मनगटा : रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा



कि आए दिन मनगटा क्षेत्र में अवैध कारोबार के समाचार से पूरा क्षेत्र कलंकित हो गया है और अब यह इलाका शराबखोरी, अय्याशी और देह व्यापार का केंद्र बिंदु बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन जिला होने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण इन अवैध कारोबारियों के अनैतिक कार्य सामने आ रहे हैं। कार्रवाई दिखावे मात्र के होने के कारण यहां के अवैध कृत्यों में संलिप्त कारोबारियों के सामने प्रशासन बौना साबित हो गया है।

# योजनाओं का लाभ उठाने आगे आएं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत के सभाकक्ष में पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा लाभ उठाने के लिए पंजीयन कराया।

शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भरत वर्मा, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु सहित अन्य शामिल हुए। सभी ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य की जानकारी दी गई।



### उपलब्धियों का बखान

इस मौके पर भरत वर्मा एवं जागृति यदु ने 12 वर्ष की उपलब्धियों को बताया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। इस मौके पर रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, दीपकबाई पटेल, द्वारिका टंडन, हरिला साहु, मधु यदु, महिला मोर्चा अध्यक्ष एलन साहु, कुंती आल्हा, रीतु सोनकर, ममता उइके, लक्ष्मी मानिकपुरी, रानी तिवारी, तहसीलदार कमलकिशोर साहु, सीईओ रोशनी भगत सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन वीरेन्द्र तिवारी तथा अंत में आभार प्रदर्शन तहसीलदार श्री साहू ने किया।

### सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक

उक्त मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि हर योजना का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

# बैंक की कार्यप्रणाली से ग्राहक असंतुष्ट

## दो दिनों से सर्वर की परेशानी से लेनदेन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के ग्राहक इन दिनों बैंकिंग सेवाओं में आ रही तकनीकी समस्याओं से खासे परेशान हैं। ग्राहकों का आरोप है कि दो दिनों से सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण लेनदेन प्रभावित हो रहा है। उन्हे घंटों बैंक परिसर में इंतजार करना पड़ रहा है। बैंक की डिजिटल और ऑनलाइन सेवाओं में तकनीकी बाधाएं आने की शिकायतें समय-समय पर आते रही है।

ग्राहकों के अनुसार जमा, निकासी, पासबुक अपडेट और अन्य बैंकिंग कार्यों में देरी होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बैंक पहुंचने से बैंक में भीड़ बढ़ गई है। बैंक के मुख्य मार्ग पर होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और भीड़ के चलते आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बैंक प्रबंधन से व्यवस्था सुधारने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने तथा सर्वर समस्या का समाधान कराने की मांग की है ताकि ग्राहकों को राहत मिल सके।



### ग्राहक करेंगे खाता बंद

समस्याओं को लेकर उपभोक्ता ब्रांच मैनेजर और कर्मचारियों की शिकायत बैंक ऑफ बड़ौदा के उच्च कार्यालय में करेंगे। कार्यवाही नहीं होने पर बैंक के ग्राहक एकाउंट बंद कराने का निर्णय ले सकते है।

### सड़क जाम से परेशानी

बैंक के सामने आए दिन ट्रैफिक जाम हो जाता है जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बैंक के कर्मचारी इस संबंध में कोई प्रयास नहीं करते। सड़क जाम होने का बैंक द्वारा समाधान नहीं निकाला जा रहा है। वहीं बैंक प्रबंधन की ओर से सर्वरव समस्या दूर होने के बाद सेवाएं सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन इस संबंध में बैंक के ब्रांच मैनेजर ऋषिकेश नायक ने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

### उपभोक्ता कर रहे घंटों इंतजार

देखा गया है कि ग्राहक अपने काम को लेकर बैंक ने घंटों बैठकर इंतजार करते रहते है। यहां लघुशंका की व्यवस्था तक नहीं है और न ही पेयजल की व्यवस्था की गई है। शनिवार को बाजार का दिन होने आसपास के लोगों को नगदी की जरूरत पड़ती है जिसके लिए उपभोक्ता बैंक पहुंचते है किन्तु सर्वर बंद होने आदि ने उन्हे परेशान होना पड़ता है।

### स्वास्थ्य केन्द्र में पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर दिया गया है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके परिजनों तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए आवागमन और अधिक सुगम हो गया है।विखं चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के मुख्य पार्किंग क्षेत्र में आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य किए जाने के कारण अस्थायी रूप से अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि रखरखाव कार्य पूर्ण होने के बाद पार्किंग व्यवस्था को पुनः व्यवस्थित कर दिया गया है।

# स्वागत कर पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में गत दिनों प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच नंदिका कुंजाम थी। अध्यक्षता प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने की।



विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कांतिबाई चंद्रवंशी, एसएमडीसी अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, प्रकाश सूर्यवंशी, रेशमलाल पटेल, राजकुमार साहू, बरातू सिदार थे। सरस्वती वंदना की प्रस्तुती वैशाली आदि ने दिया। इस मौके पर कक्षा नवमी में प्रवेशी लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक दिया गया। सरपंच श्रीमती कुंजाम ने कहा कि जहां शिक्षा होती है वही उजाला और हर बच्चे का भविष्य निराला होता है। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय आने प्रोत्साहित किए। इसी कड़ी में कांतिबाई चंद्रवंशी, मोरध्वज चंद्रवंशी, रेशम लाल पटेल, राजकुमार साहू ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने किया। इस मौके पर असीम यदु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, राजेश नेताम, जानकी वल्लभ तंबोली, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कश्यप, नोहर लिल्हारे, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तिलईरवार स्कूल के तीन छात्र अग्निवीर में चयनित

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार के तीन बच्चों का अग्निवीर में चयन हुआ है। यह तीनों बच्चे कक्षा 12वीं उत्तीर्ण के पश्चात सेना की तैयारी कर रहे थे। जिसमें महेंद्र कुमार ग्राम पथराटोला, हरीश कुमार ग्राम खमेरा एवं शिवम कुमार ग्राम महाराजपुर शामिल हैं। व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने कहा कि सीना तान के जो सीमा पर खड़ा रहता है, देश की आन-बान-शान की रक्षा करता है वही युवा अग्निवीर कहलाता है, जो भारतमाता की सेवा में जीवन लगाता है। इन तीनों बच्चों के चयनित होने पर पूरा गांव व विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। विद्यालय परिवार ने इन बच्चों का गुलाल टीका लगाकर, पुष्पगुच्छ एवं पेन देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, राजेश कुमार नेताम, जानकी वल्लभ तंबोली, जितेंद्र कुमार कश्यप, पालकराम वर्मा, नोहर दास लिलहारे, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि ने शुभकामनाएं दी।



### स्कूल रेडीनेस कार्यशाला में समावेशी शिक्षा पर जोर

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में सोमवार को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीआरसी राजनांदगांव की निदेशक स्मिता महोबिया सहित समग्र शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं जिला शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते स्मिता महोबिया ने स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने सभी विभागों के समन्वित प्रयासों पर बल दिया। अधिकारियों एवं जिला समन्वयकों ने भी अपने उद्बोधन में समावेशी शिक्षा, समय पर पहचान एवं पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता को रेखांकित किया तथा शिक्षकों और बीआरपी को बच्चों के सर्वेक्षण एवं सहायता कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान पीएमडीके विभाग के माध्यम से 10 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, टीएलएम किट, एलएस ब्रेस, नी ब्रेस, वॉकिंग एवं सीटिंग केन तथा वॉकिंग स्टिक सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके अलावा अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। तकनीकी सत्र में डॉ. किशनलाल बैरवा ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वेक्षण संबंधी उन्मुखीकरण प्रदान किया। प्रशांत मेश्राम ने सीआरसी राजनांदगांव द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी दी।



### किसानों के खाते में 19 करोड़ 95 लाख हस्तांतरित

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तारकेश्वर हुगली पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त की राशि का आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली के माध्यम से देश के 9.44 करोड़ किसानों के खाते में 18880 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में हस्तांतरण किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिले के 99746 किसानों को 19 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आजीविका के लिए केवल कृषि फार्म पर निर्भर रहने वाले लघु, सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को वर्षभर कृषि फार्म में कोई भी आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरूआत की गई है। योजना के तहत किसानों को हर 3 माह में 2000 रुपए कुल 6000 रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में शासन द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को प्राकृतिक व खेती के लाभ के संबंध में बताया गया और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सफाई कर सब-मर्सिबल पंप सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्डों में साफ-सफाई निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शुक्रवार को वार्ड 15 के बीएनसी मिल कालोनी में पार्षद प्रमोद झंझाडे के साथ साफ-सफाई देख नागरिकों से चर्चा कर जय हनुमान व्यायाम शाला के पास कुंआ की सफाई कराने तथा सब-मर्सिबल पंप मरम्मत कराने के निर्देश उप अभियंता तिलकराज ध्रुव को दिए। तत्पश्चात महापौर कन्हारपुरी स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल मरम्मत कराने आश्वासन देकर विद्यार्थियों को कापी-पुस्तक का वितरण किया।

महापौर श्री यादव बीएनसी मिल कालोनी तथा जय हनुमान व्यायाम शाला के आसपास साफ-सफाई रखने, एसएलआरएम सेंटर में कचरा का उचित प्रबंधन करने सफाई अमला को निर्देशित किया। व्यायाम शाला के पास कुंआ में गंदगी डालने एवं बंद सब-मर्सिबल पंप की शिकायत व्यायाम शाला के लोगों द्वारा किया गया। महापौर ने उप अभियंता से कहा कि कुंआ की सफाई करा सब-मर्सिबल पंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए। व्यायाम शाला के लोगों द्वारा ध्यान आकृष्ठ कराने से महापौर के पहुंचने पर व्यायाम शाला के संचालक आशु सिंह एवं नागरिकों ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### कापी-पुस्तक का वितरण

महापौर ने विद्यार्थियों को कापी-पुस्तक का वितरण कर कहा कि सभी बच्चे पढ़ाई में ध्यान लगाकर अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। उन्होंने स्कूल में सभी सुविधा उपलब्ध कराने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य संगीता खोब्रागढ़े सहित पार्षद प्रतिनिधि युवराज सिंह, पूर्व पार्षद महेश साहू, किशोर साहू, लोकराम साहू, सीताराम श्रीवास, सोहन साहू तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

### कन्हारपुरी स्कूल पहुंचे महापौर

बीएनसी मिल कालोनी के पश्चात महापौर श्री यादव कन्हारपुरी स्कूल पहुंचे। हायर सेकंडरी स्कूल कन्हारपुरी जर्जर होने के संज्ञान में आते ही महापौर श्री यादव स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षकों से व्यवस्था संबंधी चर्चा की। स्कूल जर्जर एवं शौचालय खराब होने की जानकारी देने पर उन्होंने तत्काल शौचालय मरम्मत कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूल का मरम्मत कराया जाएगा और नए स्कूल निर्माण के लिए भी शासन स्तर पर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### योग दिवस के आयोजन में हर उम्र के लोग हुए शामिल, विद्यार्थियों में खासा उत्साह

# हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिलेभर में योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर सामूहिक योग करते योग से निरोग रहने का संदेश दिया। योग दिवस के आयोजन में हर उम्र के लोग शामिल हुए। योग दिवस को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। वहीं जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी योग करते लोगों को नियमित योग करने प्रेरणा दी। योग दिवस के अवसर पर वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी इलाकों तक सामूहिक योग प्राणायाम की अलग-अलग तस्वीरें सामने आई।

### विधि महाविद्यालय

पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती सत्यानंद योगाश्रम राजनांदगांव की उपस्थिति रही। योग प्रशिक्षक योगेश माहेश्वरी ने योग सत्र का संचालन किया। उन्होंने विद्यार्थियों, प्राच्यापों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती ने कहा कि जैसे एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित करती है, उसी प्रकार यदि परिवार की महिला योग को अपने जीवन में अपनाती है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। उन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते इसके नियमित अभ्यास से प्राप्त होने वाले अनेक शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में सुरेश एच. लाल, अनिल वाष्र्णेय, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. निमिषा मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की तथा योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं मंच संचालन अतुल सोनी ने किया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. अलका चव्हाण, प्रेरणा तिवारी, सुरभि अग्रवाल सहित शिक्षकों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और फादर्स-डे अवसर पर गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के आडिटोरियम हॉल में आयोजित इस उत्सव की शुरूआत सुबह 8 बजे अतिथियों के आगमन, स्वागत और तिलक के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य रेखा तिवारी ने अतिथियों, प्रबुद्ध पालकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि योग न केवल शरीर को निरोगी रखता है, बल्कि वर्तमान समय में सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए भी यह बेहद अनिवार्य है। योग प्रशिक्षकों रश्मि जुनेजा और अग्निवेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित योग सत्र का संचालन किया गया। मंच का संचालन विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया।

### बड़ौदा आरसेटी



बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ, प्रशिक्षकों सहित वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योग अभ्यास से हुई, जहां लोगों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य आकर्षण संस्थान के फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी बैच के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाई गई भव्य मानव श्रृंखला रही। युवाओं ने मानव श्रृंखला के माध्यम से योग की विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित करते समाज को निरोग रहने और अपनी दिनचर्या में योग को अपनाने का एक अनूठा व प्रेरक संदेश दिया।

### रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चिखली स्कूल मैदान में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र के नागरिकों, खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों एवं खिलाड़ियों के अभिभावकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे योग साधक आदित्य साहू द्वारा योग प्रार्थना एवं वॉर्म-अप अभ्यास के साथ किया गया। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र एवं नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद शिव वर्मा, विशेष अतिथि पार्षद सुनील साहू, समाजसेवी ललित नायडू, रूपेश मेश्राम, डॉ. सारवा, पप्पू रामटेके, रोशन सुखदेवे, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रामदास यादव एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की उपस्थिति रही। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में योग मास्टर आदित्य साहू का विशेष सम्मान किया गया।



### युगांतर पब्लिक स्कूल

युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल योगा-डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे मन और शरीर दोनों को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन, शलभासन आदि आसनों को प्रमुखता के साथ अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग में सैकड़ों आसन है। हम इनमें से कुछ चयनित आसनों के अभ्यास से स्वास्थ्यवर्धक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने स्वांस से जुड़े विविध प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने विविध थैरेपी की उपयोगिता दर्शाते बताया कि इसे अपनाने से हम उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य मधुसूदन नायर के स्वागत भाषण से हुई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा करो योग रहो निरोग का भी सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।



### एनबीआईएस बोरी




नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस योगा सत्र के लिए विशेष रूप से पतंजलि युवा भारत के योग प्रशिक्षक कौशल प्रसाद साहू व धर्मेंद्र साहू को आमंत्रित किया गया था।

इस वर्ष संपूर्ण विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 12वीं कड़ी मना रहा है। जिसमें योग का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखा गया है। शाला परिवार में प्रतिदिन की सभा में योगाभ्यास शाला के व्यायाम शिक्षकों द्वारा संचालित की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षकों द्वारा अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, ताड़ासन, सूर्य-नमस्कार आदि अनेक आसनों से संक्षिप्त परिचय कर योगाभ्यास कराया गया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा शाला में योगाभ्यास को विशेष रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया है, ताकि योगासन से होने वाले लाभ से बच्चों की शारीरिक गतिविधि बढ़े।

## फ्लाई ओवर के नीचे से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जीई रोड फ्लाई ओवर के नीचे साफ-सुथरा रख स्वच्छ वातावरण निर्मित करने, अवैध रूप से रखे ठेला-खोमचा हटाने समझाईस देकर समय-समय पर कार्रवाई की गई। वर्तमान में अनाधिकृत रखे ठेला-खोमचा एवं व्यवसाय करने वालों के कारण फ्लाई ओवर के नीचे गंदगी फैल रही थी तथा आगामी बारिश में नाली में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो उसे ध्यान में रखकर निगम का अतिक्रमण अमला शुक्रवार को ठा.प्यारेलाल स्कूल के पास फ्लाई ओवर के नीचे ठेला-खोमचा हटाने की कार्रवाई की।



अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत फ्लाई ओवर के नीचे से ठेला-खोमचा हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ टीम के उप अभियंता तिलकराज ध्रुव व मोनेन्द्र साठिया, सह.उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, समयपाल चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा तथा अमला जेसीबी टिप्पर के साथ फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचे और ठा. प्यारेलाल स्कूल के सामने नीचे से अनाधिकृत रूप से रखे 6 ठेले-खोमचे व दुकान संचालित करने वाले ठेला को हटाया गया। कुछ लोगों ने स्वयं से ठेला हटाया। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते कहा है कि जिन लोगों की वाहनें फ्लाई ओवर के नीचे खड़ी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला-खोमचा व अन्य सामान रखा गया है, वे स्वयं हटा लें, ताकि फ्लाई ओवर के नीचे साफ-सुथरा तथा व्यवस्थित रखा

## राजस्व प्रकरण का हुआ निराकरण

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में डोंगरगढ़ निवासी नंदा झरिया की लगभग 15 वर्षों से लंबित भूमि नामांतरण संबंधी समस्या का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। नंदा ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि उन्होंने वर्ष 2011 में ग्राम अछोली स्थित कृषि भूमि क्रय की थी, लेकिन विभिन्न कारणों से भूमि का नामांतरण उनके नाम पर नहीं हो पाया था।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आवेदन को गंभीरता से लेते संबंधित राजस्व अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा जांच में पाया गया कि आवेदिका द्वारा प्रस्तुत भूमि क्रय संबंधी दस्तावेज वैध हैं तथा नामांतरण की कार्रवाई नियमानुसार की जा सकती है। जांच पूर्ण होने के बाद आवश्यक अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ 15 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा दलहन-तिलहन फसलों सहित मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी अतिरिक्त कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि दलहन एवं तिलहन उत्पादन बढ़ाने, धान पर राज्य की पारंपरिक निर्भरता कम करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और भूमि की उर्वरता बनाए रखने की दिशा में पूर्व से खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती करने वाले किसानों को 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि भी प्रदान की जा रही थी। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान की जगह अन्य फसल लेने वाले किसानों को अब 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने समय सीमा के भीतर एकीकृत किसान पोर्टल पर फसल का पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने की किसानो से अपील की है। उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा किसानों को धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन सहित अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को इन फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की गई है। साथ ही योजना का लाभ जिले के सभी छोटे, सीमांत एवं बड़े किसानों को मिलेगा, बशर्ते उनकी भूमि का वैध रिकॉर्ड दर्ज हो। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज बी-1, पी-2, डीबीटी सक्रिय बैंक खाता पासबुक व चालू मोबाइल नंबर आवश्यक होंगा। किसान फसल प्रविष्टि में संशोधन या पंजीयन संबंधी जानकारी के लिए निकटतम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा विकासखंड कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### फसल का भौतिक सत्यापन भी होगा

सरकार ने विपणन वर्ष 26-27 के लिए प्रमुख दलहन तिलहन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है उसके अनुसार अरहर का 8 हजार 450, मूंग का 8 हजार 780, उड़द का 7 हजार 800 और सोयाबीन का 5 हजार 708 रुपए प्रति क्विंटल है। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल व डिजिटल गिरदावरी प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल पर बोई गई फसल का ऑनलाइन पंजीयन बाद राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी के माध्यम से फसल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### प्रदेशभर से लगभग 225 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# स्टेडियम में बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिग्विजय स्टेडियम में गत दिनों जिला बैडमिंटन एसोसिएशन एवं आयुष कुमार बैडमिंटन अकादमी बिलासपुर के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट ओपन फेदर्स फ्लांइग जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 225 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान दिग्विजय स्टेडियम समिति के सह-सचिव योगेश बागड़ी ने प्रदेशभर के खिलाड़ियों के अभिभावकों एवं आयोजनकर्ताओं से भेंट कर समुचित व्यवस्था की जानकारी ली। श्री बागड़ी ने आयोजनकर्ताओं को दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को सचिव रमेश पटेल के नेतृत्व में और बेहतर करने का आश्वासन देकर प्रोत्साहित किया।



आयोजन में दिग्विजय स्टेडियम के अध्यक्ष एवं कलेक्टर जितेंद्र यादव का सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, सचिव शिरिस जैन, शकील अहमद, भुनेश्वर साहू, पंकज मनकानी, आनंद मोटलानी के नेतृत्व में सदस्यों ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता में प्रदेश कोच संजय लिचड़े एवं हेमंत पांडे का योगदान सराहनीय रहा।

### बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित

अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एवं बालिका दोनों ही वर्ग की दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंडर -13 वर्ग सिंगल में शाश्वत मिश्रा रायपुर एवं शुभ जैन राजनांदगांव क्रमशः विजेता एवं उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में ओवीय गुप्ता एवं वंशिका यादव दोनों ही रायपुर के खिलाड़ी विजेता एवं उपविजेता बने। अंडर -15 बालक सिंगल वर्ग में शाश्वत मिश्रा रायपुर एवं सैयद जायन अली बिलासपुर क्रमशः विजेता एवं उप विजेता रहे। वहीं बालिका वर्ग में श्रेजा दास एवं आध्या देवांगन दोनों ही दुर्ग की खिलाड़ी क्रमशः विजेता एवं उप विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग सिंगल में राजनांदगांव के अरहत राहुल एवं बिलासपुर के सैयद जायन अली क्रमशः विजेता एवं उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में हर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के मध्य डबल्स मैच भी खेले। उक्त जानकारी एसोसिएशन के विशाल शर्मा ने प्रदत्त की है।


## युगांतर में द हार्ट ऑफ टीचिंग कनेक्शन बिफोर करेक्शन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला द हार्ट ऑफ टीचिंग – कनेक्शन बिफोर करेक्शन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आठ घंटे तक शिक्षाविद, उद्यमी एवं लेखक आदेश वर्मा तथा एनएलपी कोच एवं एनबीआई होल ब्रेन थिंकिंग ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा प्रभावी रूपों में संचालित हुई। जिसमें 65 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की।

शिक्षकों ने सामाजिक एवं भावनात्मक अधिगम को व्यावहारिक धरातल पर लागू करना, विद्यार्थियों के व्यवहार को समझना, कक्षा में सकारात्मक एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण करना सीखा। उन्होंने रिस्टोरेटिव प्रैक्टिसेज़ से संबंधित विषयों पर सहभागितापूर्ण गतिविधियां संचालित करना, चिंतन सत्र में विविध जटिल समस्याओं पर समूह में चर्चाएं करना और उनका उचित समाधान खोजना, रोल प्लेय द्वारा केस स्टडी करना भी सीखा।



### अक्षय ब्राम्हाणकर का निधन



**डोंगरगढ़।** बुधवारीपारा निवासी अक्षय ब्राम्हाणकर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।


संस्कारधानी राजनांदगांव नगर में
उद्घाटन-भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे
माननीय विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री छ.ग.
माननीय डॉ. रमन सिंह जी अध्यक्ष विधानसभा छ.ग.
माननीय गजेन्द्र यादव जी प्रभारी मंत्री राजनांदगांव
माननीय संतोष पाण्डेय जी सांसद राजनांदगांव
का स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
स्थान- स्टेट हाईस्कूल, राजनांदगांव,
समय प्रातः 11:00 बजे
मधुसूदन यादव
महापौर, राजनांदगांव

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में आयोजन

# भोरमदेव के गन्ना किसानों के खातों में 29.83 करोड़ रुपए अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश के सहकारी शक्कर उद्योग में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने गन्ना किसानों के भरोसे को मजबूत करने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। लगातार दूसरे वर्ष कारखाना देश का पहला ऐसा शक्कर कारखाना बना है जिसने किसानों को समर्थन मूल्य (एफआरपी) और अतिरिक्त रिकवरी राशि का शत-प्रतिशत भुगतान जून माह में ही पूरा कर दिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में आज किसानों के खातों में 29.83 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने किसानों को चेक का वितरण किया।

भोरमदेव शक्कर कारखाना पूरे देश में सर्वाधिक रिकवरी देने वाला कारखाना है। समयबद्ध भुगतान, पारदर्शी व्यवस्था और किसान केंद्रित पहल ने भोरमदेव शक्कर कारखाना को आज किसानों के विश्वास और ग्रामीण समृद्धि का मजबूत प्रतीक बना दिया है। गन्ना किसानों के खातों में 6.91 करोड़ रुपए की शेष (एफआरपी) राशि तथा 22.92 करोड़ रुपए की अतिरिक्त रिकवरी राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया।

इस प्रकार कुल 29.83 करोड़ रुपए सीधे किसानों के खातों में अंतरित किए गए। इसके साथ ही कारखाना द्वारा सत्र 2025–26 में अब तक किसानों को 84.18 करोड़ रुपए की (एफआरपी) राशि तथा 22.92 करोड़ रुपए की अतिरिक्त रिकवरी राशि सहित कुल 107.10 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के चेयरमैन एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कारखाना द्वारा किसानों को समय पर भुगतान, उत्पादन वृद्धि और किसान हितैषी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के भुगतान कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष किसानों ने कारखाने को लगातार गन्ना उपलब्ध कराया। किसानों के इसी सहयोग का परिणाम है कि आज उनके खातों में समर्थन मूल्य (एफआरपी) एवं अतिरिक्त रिकवरी राशि का पूरा भुगतान अंतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और सहकारिता मॉडल की सफलता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भोरमदेव शक्कर कारखाना किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि किसानों का अपना कारखाना है। निजी व्यवस्था में लाभ सीमित लोगों तक पहुंचता है, जबकि सहकारिता में लाभांश सभी हितधारकों तक वितरित होता है। सहकारी मॉडल किसानों की आर्थिक मजबूती और सामूहिक विकास का प्रभावी माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि गुजरात प्रवास के दौरान उन्होंने बनासकांठा सहकारी मॉडल का अध्ययन किया, जहां सहकारिता के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए का कारोबार संचालित हो रहा है।



### अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

समय पर भुगतान, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और किसान हितैषी सुविधाओं के कारण भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्रीय विकास का मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। कारखाने की पहल से किसानों की आय, उत्पादन क्षमता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिली है।

### दो वर्षों में दर्ज हुई अनेक उपलब्धियां

पिछले दो वर्षों के दौरान कारखाने ने उत्पादन और किसान हितैषी योजनाओं के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें लगातार तीसरे वर्ष 12 प्रतिशत से अधिक शुगर रिकवरी, किसानों को रियायती दर पर शक्कर वितरण, "बलराम सदन" कृषक प्रतीक्षालय का निर्माण, मिट्टी परीक्षण सुविधा, प्रेसमड वितरण, दो हजार एकड़ क्षेत्र में उन्नत गन्ना बीज एवं सीडलिंग उपलब्धता तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा कारखाना परिसर में संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को मात्र 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# जर्जर भवन, शिक्षकों की कमी व पंचायत भवन में चल रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्रदेशभर में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है और स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के साथ बच्चों का स्वागत किया जा रहा है। लेकिन विकासखंड पंडरिया के कई ग्रामीण स्कूल आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। कहीं स्कूल भवन जर्जर होने के कारण पंचायत भवन में कक्षाएं संचालित हो रही हैं तो कहीं शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्राम भटरूसे के पूर्व प्राथमिक शाला भवन की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। भवन उपयोग के योग्य नहीं होने के कारण यहां की कक्षाएं पंचायत भवन में संचालित की जा रही हैं।

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार नए भवन निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद भी बच्चों को अपने विद्यालय के बजाय पंचायत भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में स्कूल संचालन से कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आती हैं। पंचायत की बैठकें, ग्राम सभाएं और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के दौरान पढ़ाई बाधित होती है।

वहीं सीमित स्थान होने के कारण पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को एक साथ बैठाकर पढ़ाना पड़ता है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। वही कई स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव से पहले रंग-रोगन और मरम्मत कार्य भी नहीं हो पाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अवकाश अवधि में स्कूलों की रंगाई-पुताई और आवश्यक मरम्मत कर ली जानी चाहिए थी, ताकि नए सत्र की शुरुआत व्यवस्थित वातावरण में हो सके। वहीं ग्राम कोलेगांव के पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी की समस्या भी बनी हुई है। लगातार मांग और समाचारों के प्रकाशन के बावजूद अब तक अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवनों का निर्माण कराया जाए तथा शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।




### भटरूसे में पंचायत भवन बना अस्थायी स्कूल

जर्जर स्कूल भवन के कारण भटरूसे के छात्र-छात्राओं को पंचायत भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है। सीमित जगह, बैठने की समस्या और पंचायत की गतिविधियों के बीच पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द नए भवन निर्माण की मांग की है।

### शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई

कोलेगांव सहित कई ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पद अब भी नहीं भरे गए हैं। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है।

# कांग्रेस की मासिक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के कैलाश नगर मंडल में कांग्रेस पार्टी की आवश्यक मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

इस माह की मासिक बैठक को कांग्रेस पार्टी की विस्तारित बैठक के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और जनहित के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।



उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनहित की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनता की आवाज बनकर कार्य करती रहेगी। अशोक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा तथा आम लोगों के बीच कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही पार्टी को मजबूती मिलती है और संगठन का विस्तार संभव हो पाता है।

बैठक में कैलाश नगर मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज आमजन के विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। जनता का भरोसा कांग्रेस पर लगातार बढ़ रहा है क्योंकि पार्टी हमेशा लोगों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। दीपक ठाकुर ने कहा कि प्रदेश और देश में जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और आम नागरिकों से जुड़े अनेक मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार को हर मुद्दे पर घेरने का काम करेगी और जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज किया जाएगा। बैठक में शहर प्रभारी संतोष यादव ने संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वहीं आकाश केशरवानी ने संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया।

# ऋषि-मुनियों की अमूल्य विरासत है योग इसे जीवन का हिस्सा बनाएं-डिप्टी सीएम

- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पीजी कॉलेज डोम में हुआ सामूहिक योगाभ्यास


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास पी. जी. कॉलेज डोम में प्रातः 07 बजे से प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रहे। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू व मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, गोपाल साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनकी पहल से भारत की सदियों पुरानी हमारी स्वस्थ जीवन शैली की यह कला आज पूरे विश्व में अपनायी जा रही है।

12 वर्ष पूर्व अपने निर्वाचित होते ही उन्होंने योगा दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर मनाने का आह्वान किया था, जिसे 170 देशों ने समर्थन दिया है। आज प्रधानमंत्री मोदी 12 वर्षों के कार्यकाल के साथ सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री है, इसी के साथ यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी 12 वां वर्ष है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने आगे कहा कि आज हमारे ऋषि मुनियों के पुण्य स्मरण का अवसर है, हम उनके सदा आभारी रहेंगे जिन्होंने सेहत के इस बहुमूल्य कला विकसित किया और हमें विरासत के रूप में सौंपा है। यह एक प्रमाणित विद्या है, जो सदियों से हमारे जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने नियमित रूप से योगाभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि योग निरोगी काया के साथ स्वस्थ चित्त का आधार है। सभी वर्ग के लोगों ने इसे अपनाया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं और गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सुरेश चन्द्रवंशी व अन्य प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। प्रार्थना के साथ योग सत्र का आरंभ हुआ।

योग प्रशिक्षकों ने अभ्यास सत्र के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, उत्तानपाद आसन, पवन मुक्तासन, प्राणायाम सहित अन्य विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और इनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। अंत ध्यान और प्रार्थना के साथ सत्र का समापन हुआ।



## निधन

### स्नेहलता जैन

कवर्धा। कवर्धा जैन श्रीसंघ की वरिष्ठ सुश्राविका स्वर्गीय स्नेहलता जैन (धर्मसहायिका स्व. डॉ गुमानचंद जैन) का गत दिन शनिवार 20 जून को सायं 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही जैन समाज सहित नगर में शोक की लहर फैल गई। स्व. स्नेहलता जैन शहर के प्रतिष्ठित जैन परिवार से थीं। वे स्नेहा क्लीनिक के संचालक डॉ नितिन जैन की माताश्री तथा डॉ प्रांजल जैन एवं सिद्धांत जैन की दादी थीं। उनके निधन पर जैन समाज के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों एवं नगरवासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



## छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग मा शि मं रायपुर द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है।

## योग स्वस्थ जीवन तथा बेहतर जीवन का आधारः न्यायाधीश

# अधिकारी-कर्मचारी व बंदियों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम कु. संघरत्ना भतपहरी के दिशा-निर्देश अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को नवीन ए.डी.आर. भवन कबीरधाम में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा तालुका विधिक सेवा समिति पण्डरिया सहित कवर्धा जिले के विभिन्न स्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सचिव अमन तिग्गा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम में समस्त न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालिन्टियरों के साथ योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कु. संघरत्ना भतपहरी, कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता वासनिक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. रूपल अग्रवाल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेटगण किरण पन्ना एवं सुमिता रानी एवं अन्य अधिवक्तागण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विजय नामदेव द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कु. संघरत्ना भतपहरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन में योग का बहुत ही महत्व है। व्यक्ति की शारीरिक स्थिरता को बनाए रखने के लिए और शरीर के सर्वांगीण विकास में योग की बहुत अधिक आवश्यकता है। योग से शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है।

आसन से शरीर में दृढ़ता आती है। मुद्राओं के अभ्यास से स्थिरता आती है। प्राणायाम के अभ्यास से शरीर में हल्कापन महसूस होता है। योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा हमे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है एवं शरीर के अंगो को लाभ मिलता है। प्राचीन समय से योग को एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए उपयोग किया जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि हर किसी को योग करना चाहिए यह हमारी मानसिक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित योग करने से अनेक लाभ मिलते है। यह हमारे मस्तिष्क को मजबूत करता है और हमारे शरीर की मांसपेशियों के लिए भी लाभकारी है। व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तालुका विधिक सेवा समिति पण्डरिया के अध्यक्ष/व्यवहार न्यायाधीश आलोक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अधिवक्तागण एवं उपस्थित कर्मचारियों द्वारा योग किया गया।

आलोक कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि योग स्वस्थ जीवन शैली तथा बेहतर जीवन जीने में हमारी काफी सहायता करता है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। न्यायालयीन कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।



### जिला जेल में भी हुआ योगाभ्यास

जिला जेल कबीरधाम में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जेलर राजेन्द्र कुमार बंजारे, पैरालीगल वालिन्टियर एवं उनके समस्त कर्मचारियों सहित विचाराधीन बंदियों द्वारा योग किया गया।

# भाजपा मंडल कुण्डा ने मनाया विश्व योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर कुण्डा में कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुरेश चंद्रवंशी के गरिमामय उपस्थिति में योग किया।

राष्ट्रीय भाजपा संगठन नेतृत्व एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निदेशानुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन एवं कार्यक्रम के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी के दिशानिर्देश में कार्यक्रम प्रभारी ओम यदु के कुशल मार्ग दर्शन में कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुरेश चंद्रवंशी के मुख्यातिथि में योगाचार्य नकुल चंद्राकर दीपक चंद्राकर के सानिध्य में योग का आयोजन किया गया जिसमें योगाचार्यो ने सभी को योगा कराया अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया जो किसी प्रस्तावित दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है 27 दिसंबर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय में एक अंतराष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की अपील की थी।

जिसमें उन्होंने कहा था योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है इस अवसर रामस्वरूप साहू, महेंद्र धृतलहरे, ध्वजाराम चंद्राकर, गीताराम साहू, महामंत्री मनहरण साहू, उपाध्यक्ष सुधाराम साहू, दिनेश चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, रमन खनूजा, हरेंद्र चंद्राकर, शशांक शर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर, चैतन्य सोनी, राजेश यादव, महेश्वर साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, फिरतु साहू, राजकुमार साहू, जितेंद्र निर्मलकर, गुरदीप सिंह, मक्कड़ नीलभद्र शर्मा, पन्ना साहू सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं स्कूल स्टॉप उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**योग दिवस : शहर सहित वनांचल क्षेत्रों में अलग-अलग स्थान पर हजारों ने किया याहगाभ्यास**

# योग से स्वस्थ समाज का निर्माण संभव: भावना बोहरा

- वनांचल ग्राम भैंसाओदार में हुआ भव्य आयोजन, सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योग।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम भैंसाओदार में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

इस दौरान वनांचल क्षेत्र सहित पंडरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आये सैकड़ों की संख्या में लोगों ने एक साथ सामूहिक योग कर स्वस्थ जीवन शैली हेतु योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ्य भारत के निर्माण में सहभागिता निभाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ बस्तर के सुदूर वनांचल से निकलकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मल्लखंब योग को नई पहचान दिलाने वाले तथा इंडिया गॉट टैलेंट की विजेता अबूझमाड़ मल्लखंब टीम द्वारा मल्लखंब योग की विशेष प्रस्तुति दी गई।

उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों एवं दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारतीय योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रस्ताव को अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि योग केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि विश्व मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का प्रभावी माध्यम बन चुका है। वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी भाई-बहनों और पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को अपने बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित करने तथा हमारी योग परंपरा के प्रसार हेतु आज यह आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी भाई-बहनों और विधानसभा वासियों का भरपूर सहयोग हमें मिला है जिसके लिए कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया।

### योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा जीवन सकारात्मक बनता है

उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का सशक्त साधन है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा जीवन सकारात्मक बनता है। वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनाव मुक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति एवं ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकार कर रही है और करोड़ों लोग इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सकारात्मक जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस आयोजन के माध्यम से हमारा प्रयास है कि पंडरिया विधानसभा का प्रत्येक नागरिक योग से जुड़े और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बने। सामूहिक योगाभ्यास सामाजिक एकता, अनुशासन और स्वास्थ्य जागरूकता का भी सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि स्वस्थ्य रहने एवं स्वस्थ समाज व स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सहयोग दें।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति ने समनापुर पटेल भवन पर कराया योगाभ्यास



**कवर्धा।** समनापुर पटेल समाज भवन में भाजपा मंडल के प्रभारियों व कार्यकर्ताओं ने 21 जून रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 17 से 21 जून तक प्रोटोकॉल के तहत किया। योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। योग सत्र का संचालन योगाचार्य भारती शर्मा, ज्योति शुक्ला व भारती राजपूत के दिशा-निर्देशन में कराया गया। भारती शर्मा ने बताया कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है। योग हमें स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता और अनेक बीमारियों से बचाव होता है। साथ ही हमारी एकाग्रता, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। यह हमारे देश के लिए गर्व का विषय है कि योग जैसी महान परंपरा आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और शांति का संदेश दे रही है। आज जहां 200 से भी अधिक देश योग को अपना कर एकसाथ योग, प्राणायाम का लाभ उठा रहे हैं वहीं महिला पतंजलि योग समिति की बहनें अलग-अलग स्थानों पर योग का अलख जगा रही हैं। कार्यक्रम का समापन के पूर्व भारती राजपूत के द्वारा सिंहासन और हास्यासन कराया गया। कार्यक्रम का समापन ज्योति शुक्ला के द्वारा आए सभी योग साधकों का आभार व्यक्त करते हुए पटेल भवन में नियमित योग कक्षा लगने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, जिला पंचायत सभापति विजय पटेल, जनपद सदस्य मिथिलेश, प्रदेश कार्यकारिणी पंचराम, ग्रामीण मंडल के कोषाध्यक्ष आत्मा दास, प्रीत सहित ग्रामीण मंडल के सभी प्रभारी गण व योग साधक बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



## करो योग-बनो निरोग: घुरूवाराम साहू

**पिपरिया।** योग दिवस के अवसर पर रविवार को नपं पिपरिया के डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड क्रं.15 स्थित भवन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयराम साहू, प्रकाश चंद्रवशी, घुरूवा राम साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। योग कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों सहित जनप्रतिनिधियों,आम-वरिष्ठ नागरिकों ने साथ मां भारती के तैल चित्र में माल्यार्पण कर किया गया। योग शिक्षक अजय चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग का अनुकूल प्रभाव पड़ता है। अनेकों रोगों से राहत मिलती है, योग हमारे लिए अधिक उपयुक्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व के समक्ष योग को अंतर्राष्ट्रीय योग घोषित कराने पुरजोर कोशिश की जिसके फलस्वरूप 21 जून 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पिपरिया नपं अध्यक्ष घुरूवाराम साहू अपने उद्बोधन में कहा कि करो योग-बनो निरोग, हर मानव योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करें, जिससे हर इंसान के जीवन में खुशहाली आए, स्वस्थ रहें-मस्त रहें किसी बीमारी का शिकार न बन सके।



## विश्व योग दिवस पर प्राथमिक शाला नेवारी में हुआ योगाभ्यास, छात्र छात्राओं ने सीखा योग के गुर

**नेवारी।**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक शाला नेवरी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के प्रधान पाठक श्रीमती सोनू सिंह परिहार ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की कामना के साथ किया गया। योग दिवस पर शिक्षिका श्रीमती स्नेहलता पांडेय, श्रीमती कामाक्षी मिश्रा, श्रीमती स्वाति केशरवानी, श्रीमती सुशीला वर्मा उपस्थित थें।

## कंझेटा स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**कोलेगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा विकासखंड पंडरिया में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य निमेश चंद्रवंशी एवं श्रीमती संगीता चंद्रवंशी के द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ के साथ ग्रामीणजन, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों को योगाभ्यास कराया गया। संस्था प्राचार्य संजय वैष्णव ने बच्चों को जीवन में नियमित योग और ध्यान का महत्व बताया। कार्यक्रम की शुरुआत ओंकार ध्वनि, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजंय मंत्र के उच्चारण के साथ हुई, योगासन के साथ अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, उज्जायी प्राणायाम का अभ्यास कराया कराया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती शिवानी वर्गिस, नंदनी लांझेकर, सुषमा लांझेकर, हीरालाल चंद्रवंशी, मोहन शर्मा, परमेश मरावी, गोकुल चंद्रवंशी एवं अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित थें।



**खबर संक्षेप**

### देवरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल मरका में गत दिनों शनिवार को हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधिविधान से पूजन किया गया, तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चो को गुलाल का टीका लगाकर, मिष्ठान खिलाकर पुष्पाहार से स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा द्वारा की गई, उनके द्वारा विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियो को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की बाते कही। उक्त अवसर पर बीआरसी केश लाल साहू, रामफल, जितेन्द्र जायसवाल, एमएमसी अध्यक्ष प्रभा, सदस्य हरीयाली, राधा, मनीषा, शत्रुहन, धर्मराज, मनोज, भगवानी, दिलीप, सुनीता, उपसरपंच शत्रुहन गणेशी, राधिका मुकेश, सुकरिया चम्पा, सीता के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थें।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा आज होगें रवाना

**कवर्धा।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष यात्रा के अंतर्गत कबीरधाम जिले से 20 विशिष्टजन शामिल होंगे, जो 22 जून को सुबह 7 बजे विशेष ट्रेन के माध्यम से रायपुर से सोमनाथ, गुजरात के लिए रवाना होंगे। जिले से चयनित सभी यात्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा आस्था, सांस्कृतिक गौरव और भारतीय विरासत के प्रति जनजागरण का विशेष आयोजन है। विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर धृतलहरे के नेतृत्व में प्रगति पथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे के नेतृत्व में जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत बकेला से सेमराहा तक भव्य प्रगति पथ यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। शनिवार को सेवा समर्पण त्याग एवं विकसित भारत के संकल्प एवं प्रगति पथ यात्रा महेंद्र धृतलहरे के अगुवाई में बकेला नहर विस्तारीकरण से सेमराहा तक आयोजित हुआ इस आयोजन का मकसद केंद्र सरकार की विकासपरक नीतियों जनकल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचना था। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पिछले 12 वर्षों में विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार की नीतियों ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है उन्होंने ने कहा यही कारण आज मोदी सरकार देशवासियों के विश्वास का मजबूत आधार बन चुकी है। उन्होने कहा पिछले एक दशक में छत्तीसगढ़ में सड़क रेल स्वास्थ्य आवास बिजली और जनकल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

# आदिवासी उद्यमी जगनी कामू बैगा की सराहनीय पहल

- महुआ से अब शराब नहीं, बनेंगे सेहतमंद लड्डू।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



आदिवासी क्षेत्र में महुआ को लेकर सदियों पुरानी रूढ़ीवादी सोच और इसके शराब के रूप में होने वाले प्रचलन को बदलने के लिए एक बेहतरीन सामाजिक व आर्थिक क्रांति की शुरुआत हुई है। जिले के केसदा क्षेत्र के प्रतिष्ठित आदिवासी उद्यमी जगनी कामू बैगा ने महुआ से बने पौष्टिक और स्वादिष्ट लड्डुओं का निर्माण कर एक नई मिशाल पेश की है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य महुआ को नशे के कलंक से मुक्त कराकर उसे स्वास्थ्य और स्वरोजगार का जरिया बनाना है। इस मुहिम के तहत आने वाले समय में जिले के भीतर महुआ से निर्मित 30 से 40 प्रकार के विभिन्न खाद्य उत्पादों (जैसे कुकीज, चिक्की, स्क्वैश आदि) को तैयार करने की एक विस्तृत योजना बनाई गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। कामू बैगा ने जिले के समस्त आदिवासी युवाओं और महिला स्व-सहायता समूहों से अपील की है कि वे इस मुहिम से जुड़ें और महुआ के इस अमृत स्वरूप को पहचानकर आत्मनिर्भर भारत और सुदृढ़ आदिवासी समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

### बाबा साहेब के विचारों से प्रेरित होने का आह्वान

महुआ उत्पाद के शुभारंभ के अवसर पर कामू बैगा ने आदिवासी समाज के युवाओं को पारंपरिक नौकरियों के पीछे भागने के बजाय खुद का व्यवसाय शुरू करने का पुरजोर आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए कहा कि व्यवसाय चाहे छोटा हो या बड़ा, हमें शुरुआत करनी चाहिए। बाबासाहेब ने हमेशा कहा था कि हमें सिर्फ नौकर बनने की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। हमें ऐसा बनना है जो नौकरी मांगे नहीं, बल्कि दूसरों को नौकरी और रोजगार देने की क्षमता रखता हो।

### महुआ और आदिवासी संस्कृति का अटूट रिश्ता

उल्लेखनीय है कि महुआ (जिसका वैज्ञानिक नाम मधुका लोंगिफोलिया है) को आदिवासी समाज में कल्पवृक्ष की तरह पूजा जाता है। यह सिर्फ एक पेड़ नहीं, बल्कि आदिवासियों की संस्कृति, परंपरा और आजीविका का एक मुख्य आधार रहा है। महुआ के फूलों में प्रचुर मात्रा में विटामिन, आयरन, कैल्शियम और प्राकृतिक शर्करा पाई जाती है।

**विद्यार्थियों की समस्याओं व समाधान के विस्तार की मांग रखी**

# अभाविप ने डिप्टी सीएम को सौंपा मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

**आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा रखे गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े विषयों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में कबीरधाम जिले को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की समस्याओं, उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं एवं महाविद्यालयों के आधारभूत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा को विस्तृत मांग पत्र सौंपा गया। परिषद ने जिले में उच्च शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न मांगें प्रमुखता से रखीं।

अभाविप के जिला संयोजक मानस मिश्रा ने जिले भर के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि जिले के छात्र-छात्राओं को आज भी अनेक मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय से संबंधित कार्यों के लिए विद्यार्थियों को बार-बार दुर्ग जाना पड़ता है, जिससे समय एवं आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक हानि होती है। उन्होंने जिले में उच्च शिक्षा की सुविधाओं के विस्तार, महाविद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा छात्रहितों से जुड़े लंबित विषयों के त्वरित निराकरण की आवश्यकता पर बल दिया। परिषद द्वारा प्रमुख रूप से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की शाखा कबीरधाम में स्थापित किए जाने की मांग रखी गई।

अभाविप ने बताया कि विश्वविद्यालय की शाखा जिले में स्थापित होने से माइग्रेशन, विषय चयन में त्रुटि सुधार, परीक्षा संबंधी समस्याओं के निराकरण, अंकसूची एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए विद्यार्थियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा तथा अधिकांश कार्य स्थानीय स्तर पर ही संपन्न हो सकेंगे। इसके साथ ही परिषद ने स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बोड़ला, गजानंद माधव मुक्तिबोध शासकीय महाविद्यालय लोहारा एवं शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त भवन एवं कक्ष निर्माण की मांग रखी। परिषद ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध संसाधन विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं, जिससे अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था प्रभावित होती है। इस अवसर पर प्रांत कार्यसमिति सदस्य गजाधर वर्मा ने बोड़ला, लोहारा एवं कन्या महाविद्यालय कवर्धा में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की आवश्यकता को विस्तारपूर्वक रखते हुए कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है।

इस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तीनों महाविद्यालयों में दो-दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन प्रदान किया। अभाविप द्वारा शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा को स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। परिषद ने बताया कि जिले की अनेक छात्राओं को स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। महाविद्यालय में पीजी कक्षाएं प्रारंभ होने से छात्राओं को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा महिला शिक्षा को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

